तन माटी का माटी में मिल जायेगा | By Puja Shrivastava

तन माटी का माटी में मिल जाएगा, मिल जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा
करले नेक करम है वही साथ जायेगा, साथ जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा

कर ले भक्ति भजन तर जाएगा
माटी का जो है तन तर जाएगा
सफल होगा जनम तर जाएगा
बस यही है जतन तर जाएगा
मोहा माया है जग, समझ आया ना तब
खुद में चूर रहा तू
खुद से दूर रहा तू
चार दिन का ये दिन है गुज़र जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा
तन माटी का माटी में मिल जाएगा, मिल जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा

साथ लाया था क्या, क्यूँ रो रहा
लेके जाएगा क्या क्यों रो रहा
कर्म कुछ ना किया क्यों रो रहा
धर्म संग ना जिया, क्यों रो रहा
कर ना लालच रे मन, कुछ ना हाथ आएगा
खाली हाथ आया था, खाली हाथ जाएगा
जो धारा है यही पर ही रह जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा
तन माटी का माटी में मिल जाएगा, मिल जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा

तन मिला है तुझे जो कुछ काम कर
मौका फिर ना मिलेगा कुछ काम कर
जाना एक दिन पड़ेगा ऊपर तुझे
मुंह दिखाना पड़ेगा ऊपर तुझे
मान संतो की बात, होगा तेरा विकास
पुण्य कर ले करम, उसका होगा भी साथ
कर्म निर्मल का ऊपर लिखा जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा
तन माटी का माटी में मिल जाएगा, मिल जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा

तन माटी का माटी में मिल जाएगा, मिल जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा
करले नेक करम है वही साथ जायेगा, साथ जाएगा
बोयेगा वही तो काट पायेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%80-

%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%af/